बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-176
22/06/2024

मुख्यमंत्री ने आम महोत्सव 2024 का किया उद्घाटन

पटना, 22 जून 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय (22 एवं 23 जून) आम महोत्सव 2024 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आम उत्पादकों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उत्पादक समूहों एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को अनुदान राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया।

कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डे, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त श्री चैतन्य प्रसाद, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******